


नवभारत 04
इंदौर, बुधवार, 18 फरवरी, 2026


# कैबिनेट मंत्री ने की मुख्यमंत्री से भेंट, रोशनी कलेश प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**आलीराजपुर। गत दिनों मेडिकल कॉलेज भोपाल में अध्ययनरत आलीराजपुर की होनहार बेटी रोशनी कलेश के संदिग्ध अवस्था में हुए निधन के संवेदनशील मामले को लेकर आज कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान द्वारा आज भोपाल में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव से मुलाकात की गई। भेंट के दौरान कैबिनेट मंत्री चौहान ने मुख्यमंत्री को पूरे घटना से जुड़े सभी तथ्यों एवं पीड़ित परिवार की चिंताओं आशंकाओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया एवं पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाने की मांग रखते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच से छात्रा रोशनी की मृत्यु के वास्तविक कारणों का पारदर्शी तरीके से खुलासा हो सके और परिवार को न्याय मिल सके।**



विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कालेज की छात्रा रोशनी गत दिनों छात्रावास में मृत अवस्था में मिलने के प्रकरण में परिजनों ने कई आशंकाएं व्यक्त करते हुए बताया कि उनकी बेटी सुसाइड नहीं कर सकती, इस सम्बन्ध में परिजनों द्वारा कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता चौहान को पत्र भी सौंपा था।

इसी प्रकरण में आज कैबिनेट मंत्री श्री चौहान द्वारा शोकाकुल परिवार की हर शंका का समाधान करने एवं निष्पक्ष न्याय दिलवाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र सोपा।

मुख्यमंत्री ने भी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देने के साथ ही पारदर्शिता एवं उच्च स्तरीय जांच के निर्देश जारी कर दिए।

उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करें और मानसिक रूप से मजबूत बनाएं। विद्यार्थियों को सलाह दी गई कि यदि वे तनाव, निराशा या भय महसूस करें तो अपने माता-पिता, शिक्षकों या करीबी लोगों से खुलकर बात करें।

केबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने बहार रह कर पढ़ाई कर रहे सभी छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या के लिए विद्यार्थी हमारी मंत्री सांसद हेल्पलाइन पर 8889766687 भी संपर्क कर सकता है, हम हर संभव सहायता प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

### मंत्री सांसद ने की भावनात्मक अपील-

कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने इस प्रकरण के बाद आलीराजपुर जिले के बाहर रहकर पढ़ाई रहे सभी विद्यार्थियों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा किसी भी परिस्थिति में आत्महत्या जैसा कदम न उठाए। मंत्री एवं सांसद ने संयुक्त संदेश में कहा कि जीवन किसी भी परिस्थिति, परीक्षा या परिणाम से बड़ा है। यदि कोई परिस्थिति विपरीत हो या समस्या हो तो उसका समाधान निकला जा सकता है, अपेक्षित अंक नहीं आते या असफलता मिलती है तो यह अंत नहीं, बल्कि नए अवसर की शुरुआत है। हर परिस्थिति का समाधान संभव है और परिवार तथा सरकार विद्यार्थियों के साथ खड़ी है।

## एक नजर में

### छोटा अमरनाथ महादेव मंदिर में विशाल भंडारा

**महू.** छोटा अमरनाथ के नाम से प्रसिद्ध बड़ी जाम के बुरालिया गांव में स्थित महादेव मंदिर भक्तों की अगाध श्रद्धा का केंद्र है. पहाड़ी के तल में स्थित खोदरा ग्राम होने से इस स्थान का नाम खोदरा महादेव की गुफा पड़ गया. यूं तो यहां पूरे साल भक्तों का दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए आना लगा रहता है, लेकिन श्रावण के पूरे महीने और महाशिवरात्रि को यहां भारी भीड़ उमड़ती है. खास बात यह है कि यह मंदिर विंध्याचल पर्वत श्रृंखला की गोद में समाए हुए है. यहां करीब 300 से अधिक सीढ़ियों के सहारे भक्तों को प्रकृति की अनुपम छटा के साथ भगवान शिव के दर्शन होते हैं. महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर यहां स्थानीय भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की.

### बामणिया कुंड वाटरफॉल में युवक की डूबने से मौत

**महू.** बड़गोंदा थाना क्षेत्र स्थित बामनिया कुंड वाटरफॉल में सोमवार दोपहर एक युवक की डूबने से मौत हो गई. मृतक की पहचान चंडीगढ़ निवासी 22 वर्षीय मयंक दुबे के रूप में हुई है. वह अपनी बहन वैष्णवी दुबे (28) और दोस्त अभिषेक कुमार (27) निवासी पंचकूला के साथ घूमने आया था. जानकारी के अनुसार, तीनों महाशिवरात्रि के अवसर पर ओंकारेश्वर भगवान के दर्शन करने आए थे. 12 फरवरी को उन्होंने मयंक का जन्मदिन भी मनाया था. दर्शन के बाद सोमवार सुबह वे महू के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की सैर पर निकले थे. वे पातालपानी, जाम गेट होते हुए बामनिया कुंड पहुंचे थे. बताया जाता है कि ऊपरी कुंड पर मयंक नहाने के लिए पानी में कूदा. उसने पहली बार मजाक में डूबने का नाटक किया, लेकिन दूसरी बार खोह के बीचों-बीच जाने के बाद वह गहराई में समा गया. उसके दोस्त अभिषेक ने उसे बचाने का प्रयास किया और अपनी टी-शर्ट पकड़ाई, लेकिन मयंक फिसलकर गहराई में चला गया. कई प्रयासों के बाद तीसरी कोशिश में लोगों की मदद से मयंक का शव बाहर निकाला जा सका. उसे तुरंत कार से मध्यभारत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

### पारिवारिक विवाद में मां-बेटे से मारपीट

**इंदौर.** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के भावना नगर निवासी एक पारिवार में हुए विवाद ने उग्र रूप ले लिया. 17 वर्षीय अमन सिटोले ने पुलिस थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि उसकी मामी पूजा सोलंकी ने घर के सामने उसे और उसकी मां को गालियां दीं. विरोध करने पर पूजा ने अपने भाइयों सुरेश, लखन और श्याम को मौके पर बुला लिया. चारों आरोपियों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए अमन व उसकी मां के साथ मारपीट की. आरोप है कि श्याम ने पत्थर से अमन के सिर के बाएं हिस्से पर वार कर घायल कर दिया, जबकि सुरेश और लखन ने हाथ-मुक्कों से हमला कर उसकी बाईं कोहनी व दाहिने घुटने में चोट पहुंचाई. पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### अवैध हथियारों के साथ धराए दो बदमाश

**इंदौर.** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत राऊ पुलिस ने एक ही दिन में दो अलग-अलग कार्रवाइयों में दो युवकों को गिरफ्तार किया. आरोपियों के कब्जे से दो देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और दो धारदार चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं. थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि पहली कार्रवाई में सिलिकॉन सिटी क्षेत्र की हैं, 25 वर्षीय रितेश मकवाना को पकड़ा, जिसके पास से मैगजीन में कारतूस लगी देशी पिस्टल और चाकू मिला. वहीं दूसरी कार्रवाई रात में एबी रोड बायपास सर्विस लेन से 22 वर्षीय सत्येंद्र पाल की गिरफ्तारी के साथ हुई, जिसके पास से भी इसी तरह के हथियार बरामद हुए. दोनों आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगा रही है कि हथियार कहां से लाए गए और उनका आपराधिक रिकॉर्ड क्या रहा है.

### सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**इंदौर.** पलासिया क्षेत्र के मनोरमागंज में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया.




## कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**आलीराजपुर ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत मंगलवार को कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों की अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारू निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने एकीकृत शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,बोरखड एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,बहारपूरा जिला आलीराजपुर का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने परीक्षा कक्ष में बैठक व्यवस्था, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, सुरक्षा प्रबंधों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली और परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए पानी, बिजली, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।-

## कलेक्टर ने दिखाई संवेदनशीलता, दिव्यांग शिक्षिका लक्ष्मी कन्नौज को दी इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल

**आलीराजपुर । कलेक्टर नीतू माथुर ने एक दिव्यांग शिक्षिका के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उन्हें इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल प्रदान की।**

**नानपुर के समीप ग्राम फाटा स्थित माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका लक्ष्मी कन्नौज को जनसुनवाई के दौरान यह सहायता दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी कन्नौज प्रतिदिन लगभग 18 किलोमीटर का सफर बस से तय कर विद्यालय पहुंचती हैं। बस से उतरने के बाद उन्हें करीब 150 मीटर तक घुटनों के बल चलकर स्कूल पहुंचना पड़ता था। शारीरिक चुनौतियों के बावजूद उनका अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण और बच्चों को पढ़ाने का जज्बा अनुकरणीय है।**



### कलेक्टर ने उन्हें हेलमेट प्रदान किए

वे नियमित रूप से स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में योगदान दे रही हैं। लक्ष्मी कन्नौज के इस जज्बे को सम्मान देते हुए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने उन्हें ट्राई साइकिल भेंट की,ताकि उनका दैनिक सफर सुगम हो सके। इस अवसर पर कलेक्टर ने उन्हें और अधिक उत्साह एवं समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों एवं नागरिकों ने उन्हें ट्राई साइकिल चलाने का अभ्यास भी कराया। सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर ने उन्हें हेलमेट भी प्रदान किया।

## असंगठित श्रमिकों को वृद्धावस्था में सहारा देगी पीएम श्रम योगी मानधन योजना

**आलीराजपुर । श्रम पदाधिकारी आलीराजपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएमएसवायएम) असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर आजीवन 3 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी।**

श्रम विभाग के अनुसार 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये तक है तथा जो ईपीएफ, एनपीएस या ईएसआईसी जैसी योजनाओं का लाभ नहीं ले रहे हैं, वे इस योजना में पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या ऑनलाइन केंद्र के माध्यम से कराया जा सकता है। जिले के आंगनवाड़ी सहायिका, आशा कार्यकर्ता, कोटवार, सफाईकर्मी एवं दैनिक वेतनभोगी श्रमिक इस योजना के लिए पात्र हैं। योजना के अंतर्गत आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये तक मासिक अंशदान करना होता है। श्रमिक द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान केंद्र सरकार भी जमा करती है। श्रम विभाग अधिकारी ने पात्र श्रमिकों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है, ताकि वृद्धावस्था में उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

## साप्ताहिक जनसुनवाई में 21 आवेदकों की समस्याएं सुनीं

▶ कलेक्टर श्रीमती माथुर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**आलीराजपुर ।** आमजन की समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से प्रति मंगलवार की तरह इस सप्ताह भी कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर नीतू माथुर ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 21 आवेदक अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित हुए। कलेक्ट माथुर ने सभी आवेदकों की समस्याएं एक-एक कर गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई कर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जनसुनवाई के दौरान भीलखेड़ी, तहसील जोबट निवासी श्रीमती ललिता (पति स्वर्गीय भंगू) ने लाड़ली बहना योजना की राशि बंद होने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अगस्त 2025 तक उन्हें योजना की राशि नियमित रूप से प्राप्त हो रही थी, किंतु इसके बाद बिना किसी सूचना के राशि बंद कर दी गई। उन्होंने तकनीकी त्रुटि की आशंका जताते हुए राशि पुन: प्रारंभ कराने का अनुरोध किया। इस प्रकरण में कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी प्रकार ग्राम बड़ी हथवी, तहसील सोंडवा निवासी श्री संजय (पिता स्वर्गीय नगरसिंह डोडवा) ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि 23 अप्रैल 2023 को उनके पिता की पिपल के पेड़ से गिरने के कारण मृत्यु हो गई थी। उन्होंने संबल योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए जनपद पंचायत सोंडवा में तीन बार आवेदन किया, किंतु अब तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला है। कलेक्टर ने इस प्रकरण में जनपद सीईओ सोंडवा को शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि विवाद, बंटवारा, सीमांकन तथा सहायिका पद पर नियुक्ति सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर में ▶ कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक

## मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में लक्ष्य अनुरूप कार्य के निर्देश दिए

**आलीराजपुर । कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न स्वरोजगार संबंधी योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि फरवरी माह के अंत से पहले स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋणों का वितरण त्वरित रूप से सुनिश्चित किया जाए। बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन नहीं होने पर और अधिक मेहनत से कार्य करने के निर्देश दिए।**



कलेक्टर ने सभी बैंकर्स से प्रधानमंत्री स्वनिधि के अंतर्गत प्रकरणों को मानवता,संवेदनशीलता के साथ समाधान करने के निर्देश दिए साथ ही समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरण तैयार कर भेजे जाएं तथा बैंकों से सतत फॉलोअप किया जाए।

साथ ही सभी बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति में हो रही देरी पर समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए ।

डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के लक्ष्य अनुरूप प्रकरण नहीं प्रेषित करने पर कलेक्टर ने पशुपालन विभाग को बैंकर्स के साथ समन्वय स्थापित कर साथ ही हितग्राहियों को भी आवश्यक जानकारी उन्हें योजना के लाभ लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए ।कलेक्टर ने समस्त बैंकर्स को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण में तेजी लाने, आपसी समन्वय से समस्याओं का निराकरण करने तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में तेजी लाने के साथ ही किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए ।कर्स परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठक के दौरान ।

इस दौरान प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वीरेंद्र बघेल ,अग्रणी जिला प्रबंधक श्री श्याम पाटीदार, उद्योग विभाग, आजीविका मिशन ,आदिम जाति ,उद्यानिकी विभाग ,पशु विभाग ,मत्स्य विभाग विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित बैंकर्स उपस्थित रहे।

## आलीराजपुर में वन अधिकार अधिनियम पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण आयोजित

**आलीराजपुर । जिले में वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिनियम के प्रावधानों, सामुदायिक वन अधिकारों तथा धारा 3(1) के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों की मान्यता विषय पर अधिकारियों-कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा।**

प्रशिक्षण सत्र में विषय विशेषज्ञ अधिकारियों ने जिले के संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, सामुदायिक वन अधिकारों की दावा प्रक्रिया, ग्राम स्तरीय समितियों की भूमिका तथा वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़े व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। साथ ही अधिकारों की मान्यता एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं और विभागीय समन्वय पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने वन अधिकार अधिनियम 2006 के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की तथा उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों से अधिनियम की पूर्ण जानकारी लेकर जमीनी स्तर पर पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री संजय परवाल, मास्टर ट्रेनर श्री समाधान पाटिल, शंकर तड़वाल, श्री अविनाश मंटूर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।